दिनांक : 17.10.2024

समय : 02.10pm

अभिधम्म-मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाषा, साहित्य, कला और आध्यात्मिकता जैसे सांस्कृतिक स्तंभ किसी भी देश की पहचान बनाते हैं। आज नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेज विकास और समृद्ध विरासत के संकल्प को सिद्ध करने में जुटा है। भगवान बुद्ध से जुड़ी विरासत का संरक्षण इस अभियान की प्राथमिकता है।

वाल्मिकी जयंती

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महर्षि वाल्मिकी जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि आदि कवि वाल्मिकी द्वारा रचित धार्मिक ग्रंथ रामायण भगवान श्री राम की दिव्य गाथा के साथ मानव समाज को एक अमूल्य उपहार है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

माइनिंग कॉन्क्लेव 2024

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आज 'मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव-2024' की शुरुआत हुई। खनन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और आधुनिकतम तकनीकों का समावेश कर राज्य की खनिज संपदा का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि हीरा उत्पादन में नंबर वन होने के साथ ही कॉपर, मैंगनीज ,रॉक फॉस्फेट और कोयले के मामले में भी प्रदेश समृद्ध है। उन्होंने कहा कि खनिज के क्षेत्र में उद्योगों के लिए प्रदेश में अच्छे अवसर हैं । दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया जा रहा है।

## सौर ऊर्जा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश अपनी विशेष पहचान बना रहा है। गाँधी नगर में आयोजित चौथे ग्लोबल मीट रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर मीट में उद्योगपतियों ने प्रदेश में अपने प्रोजेक्ट लगाने में रुचि दिखाई है। प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में काम करते हुए "लंग्स ऑफ इन्क्रेडिबल इण्डिया" बनने के विज़न की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओंकारेश्वर में विश्व का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट तैयार हो रहा है। रीवा का 1590 हेक्टेयर में स्थापित सोलर प्रोजेक्ट विश्व के सबसे बड़े सिंगल साइड सोलर प्लांट में से एक है।

### क्रिकेट

भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच बैंगलोर में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन आज भारत की पारी मात्र 46 रनों पर सिमट गई। रिषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाये। पांच खिलाड़ी शून्य पर आउट हुए। न्यूजीलैण्ड की ओर से मैट हेनरी ने पांच विकेट लिये। समाचार लिखे जाने तक न्यूजीलैण्ड ने अपनी पहली में बिना विकेट गवायसे 27 रन बना लिये हैं।

### सैनी–शपथ

नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली । उनके साथ 13 अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। पंचकुला में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केन्द्रीय मंत्रियों ने हिस्सा लिया। नायब सिंह सैनी दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं।

## कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा जिले के सुसनेर मे भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला मे आसनों की जानकारी दी गई।

- नर्मदापुरम मे 19 अक्टूबर को स्थानीय शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमे 20 से अधिक कंपनियों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

-------------------------